हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

12 भूना में रजिस्ट्री न होने से नाराज लोग सड़कों पर...



11 मोबाइल एप पर पैसा लगवाकर लोगों को...



## खबर संक्षेप

### अध्यापक क्रोधित होने की बजाय संयम से काम लें

**रतिया।** सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की शिक्षकों द्वारा बुरी तरह पिटाई करने के बढ़ते मामलों के बाद शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सभी क्लस्टर मुखिया व शहरी प्राइवेट स्कूल मुखियाओं की मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी शशिप्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से स्कूलों में हो रही अप्रिय घटनाएं चिंता का विषय है, ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। बीईओ ने क्लस्टर मुखिया को आदेश दिए गए कि वह अपने-अपने क्लस्टर के सभी स्कूल मुखिया को बुलाकर उनसे इन बातों पर चर्चा करें और सभी अध्यापकों को होमवर्क व क्लास वर्क न करने पर संयम बरतने व ज्यादा क्रोधित न होने के लिए कहा जाए।

### बातों में उलझा सोने की बालियां ले गए ठग

**सिरसा।** पुलिस ने पटेल बस्ती निवासी सुदेश रानी पत्नी जगदीश लाल की शिकायत पर एक महिला व दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सुदेश रानी ने बताया कि 29 मई को दोपहर वह परशुराम चौक से गोल डिग्गी की ओर जा रही थी। तभी एक महिला व दो युवक मिलें और कहा कि उन्हें रेवाड़ी जाना है। उसने उन्हें बस स्टेंड अथवा रेलवे स्टेंड जाने के लिए कहा। इस पर उन्होंने बातों में उलझा लिया और उसे ऑटो में अपने साथ रेलवे टाऊन पार्क पर ले आए। यहां पर उन युवकों ने उसके कानों की बालियां उतारकर रूमाल में रख दी और रूमाल उसे थमा दिया।

### विवाहिता की शिकायत पर पति के पर मामला दर्ज

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने गांव पंजुआना निवासी लक्ष्मण सिंह की विवाहिता पुत्री निर्मला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ प्रगट सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में निर्मला ने बताया कि गांव मल्लेकां निवासी प्रगट सिंह पुत्र मक्खन सिंह के साथ उसका 31 अक्टूबर 2022 को हुआ था। विवाह के समय उसके परिजनों ने करीब 25 लाख रुपये खर्च कर बारातियों की खातिरदारी और स्त्रीधन भेंट किया। लेकिन विवाह के छह माह बाद ही ससुरालजनों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

### चोरी की बाइक बेचने के फिराक में थे युवक, दबोचे

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने मोहाली से चोरी मोटरसाइकिल को कालांवाली मंडी में बेचने की फिराक में निकले मानसा के दो युवकों को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित धर दबोचने में सफलता हासिल की है। इस सूचना के बाद पुलिस ने तख्तमल रोड पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। तभी तख्तमल की ओर से आए बाइक सवार ने पुलिस चैकिंग देखकर वापस मुडन्े की कोशिश की। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया ।

### एक साथ जली तीन चिताएं गांव में गम का माहौल

**डबवाली।** पटियाला के समीप एक सडक़ हादसे में जान गंवाने वाले डबवाली के आढ़ती पवन बब्बर, उनकी पत्नी कुसुमलता एवं युवा बेटे सिद्धांत बब्बर के शवों का अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम को गमगीन माहौल के बीच डबवाली की स्वर्ग भूमि में किया गया। स्वर्ग भूमि में जब एक साथ परिवार के तीन सदस्यों की चिताएं जली तो वहां मौजूद हर आंख नम थी। बेटियों व अन्य परिजनों का तो रो रोकर बुरा हाल था। इन तीनों शवों को दोनों बेटियों व भतीजी ने मुखाग्नि दी। इस दुखदाई घड़ी में बड़ी संख्या में डबवाली वासियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक जताया। इस दौरान गांव में सन्नाटा पसरा रहा और हर कोई गम के आंसू पी रहा था।

# ऑपरेशन शील्ड आज : फतेहाबाद में रात 8 से 8.15 बजे तक रहेगा ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



- अभ्यास से घबराएं नहीं इसे गंभीरता लें पूर्ण सहयोग करें

गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 19 के तहत 31 मई को सायं 5 बजे से द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ऑपरेशन शील्ड आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सिविल डिफेंस एक्सरसाइज का उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारी और रिस्पॉन्स को बेहतर बनाना है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि ऑपरेशन शील्ड के दौरान रात 8 बजे से लेकर 8.15 बजे तक ब्लैकआउट का अभ्यास भी किया जाएगा जिसमें जिलावासी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ब्लैक आउट अभ्यास में अपेक्षित सहयोग दें। साथ ही ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन की सक्रियता की जांच सहित अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह एक पूर्व नियोजित मॉक ड्रिल है, जिसका उद्देश्य किसी आपातकालीन परिस्थिति में नागरिकों की तैयारियों और प्रशासन की कार्यप्रणाली का परीक्षण करना है। वे इस अभ्यास से घबराएं नहीं और इसे गंभीरता से लेते हुए पूरी सजगता और सहयोग के साथ शामिल हों।

**सायरन बजते ही सुरक्षित स्थानों पर जाएं**

*इस दौरान हमेशा शांत रहें, घबराएं नहीं, घर व दुकान की सभी लाइटें, इंवर्टर आदि बंद कर दें ताकि प्रकाश बाहर न दिखे तथा एयर रेड सायरन बजने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, केवल प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें, मोबाइल या टीवी पर सरकारी अलर्ट सुनते रहें। किसी भी आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित ठहराव स्थल का चयन करें मजबूत, बिना खिडकी वाला कमरा चुनें, खिड़कियों पर मोटे काले कपड़े लगाएं, शीशों व खिड़कियों से दूर रहें और यदि आवश्यक हो तो जमीन पर लेट जाएं।*

**भोजन की एडवांस व्यवस्था रखें**

*आपातकाल स्थिति के दौरान आवश्यक वस्तुएं जैसे पीने का पानी कम से कम 3 दिन का, सूखा भोजन जैसे बिस्कुट, ड्राई फ्रूट्स, चना आदि, टॉर्च और अतिरिक्त सेल व बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, जरूरी दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, मेडिकल रिपोर्ट आदि तथा बैटरी वाला छोटा रेडियो तैयार रखे। आपके आसपास बजने वाले सायरन की पहचान करें, 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज तथा 2 मिनट तक लगातार आवाज खतरा समाप्ति का संकेत। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और स्थानीय प्रशासन का इस दौरान पूर्ण रूप से सहयोग करें। छतों पर लगी सभी सोलर लाइटों और पैनलों को काले कपड़ों से ढक दें। नागरिक किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112, 1077 व 1070 पर संपर्क कर सकते हैं।*

### अरूट जयंती पर 30 मई को सरकारी अवकाश घोषित किया जाए

# पंजाबियों का इतिहास नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत : अशोक छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** अरूट महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा व रक्दाताओं का हौंसला बढ़ाते मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा।

अरोड़वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरूट जी के जन्मदिवस के अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद शाखा द्वारा जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अशोक छाबड़ा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब दयाल वधवा ने की वहीं मुख्य वक्ता संगठन के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने महाराजा अरूट जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार को 30 मई का महाराजा अरूट जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, मानवता और सेवा की भावना को भी मजबूत करता है। समाज द्वारा किया गया यह प्रयास अनुकरणीय है। इसके साथ-साथ उन्होंने अरोड़वंश पंजाबी समुदाय के गर्व पूर्ण इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि यह इतिहास सिर्फ पुरानी पीढ़ी तक सीमित ना रह जाए। इसे नई पीढ़ी तक भी पहुंचाया जाना बहुत जरूरी है। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि महाराजा अरूट जी के वंशज एकजुट होकर देश सेवा में पहले भी लगा हुआ था और आगे भी समाज देश सेवा में इसी तरह लगा रहेगा क्योकि इनके खून मे देश सेवा समाहित है।

#### अरूट महाराज के नाम पर मेडिकल कॉलेज की मांग

ज्ञापन में संगठन ने सार्वजनिक अवकाश के अलावा महाराजा अरूण जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने, महाराजा अरूट के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण करवाने, उनके नाम से एम्स का निर्माण करवाने या पहले से चल रहे एम्स का नामकरण करने की भी मांग की। संगठन के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक पार्षद रविंद्र मेहता ने बताया कि संगठन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ के ऑस्ट्रेलिया होने के कारण उन्होंने वहीं से वीडियो कॉल के माध्यम से महाराजा अरूट के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये और अपना संदेश दिया। इस अवसर पर 35 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन सिटी वेलफेयर क्लब, अरोडवंश महासभा, सरबत दा भला संस्था, रेडक्रॉस सोसाइटी, श्री गुरूद्वारा सिंह सभा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची, वीना भ्याना, रघुनाथ मंदिर सभा प्रधान टेकचंद मिढ़ा, शिवपुरी महासचिव सुनील सचदेवा, अरोडवंश महासभा के प्रधान आजाद सचदेवा, पार्षद मोहन लाल नारंग, योगी हंसराज, नरेश सचदेवा, सतगुरू कृपा अपना घर से अशोक भुक्कर, डिप्टी डायरेक्टर अमित पंवार, ईश सरना, सरबत दा भला संस्था के अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर, गुरूद्वारा सिंह सभा से अजीत सिंह, श्रीकृष्णा सेवा समिति के प्रधान राजेन्द्र आहूजा, पंचनद सेवा सदन के अध्यक्ष राधाकृष्ण नारंग, राखी मक्कड़, डॉ. सुमन बजाज आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** अरुट महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## अरूट महाराज के बताए सिद्धांतों पर चले समाजः सुनीता सेतिया

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

अरोड़वंश समाज ने अपने प्रवर्तक अरूट महाराज की जयंती पर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अरोड़वंश एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन सुनीता सेतिया व राहुल सेतिया ने अरूट महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुनीता सेतिया ने अरूट जयंती पर बधाई दी और समाज को शिक्षित करने व नशों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अरोड़वंशी भगवान श्रीराम के वंशज हैं। भगवान श्रीराम के पुत्र लव की वंशावली में अरूट महाराज का प्रादुर्भाव था। अरूट महाराज का किला सिंधु नदी के तट पर अरोडक़ोट के नाम से है। अरोड़वंशी क्षत्रिय अरूट महाराज के अनुयायी होने के कारण अरोड़ा कहलाए। उन्होंने बताया कि अरोड़वंश में 811 जातियां व 361 उपजातियां हैं, जोकि देश व विदेश के विभिन्न प्रांतों में निवास कर रही है तथा अपने-अपने राज्यों को उन्नति प्रदान कर रही हैं। मंच संचालन एडवोकेट नरेश मलिक ने किया। इस मौके पर सुखविंद्र कौर गिल, प्रेम सहगल, प्रवीण नरूला, पप्पू सेठी, एडवोकेट आरडी बिश्नोई, बंटी डूमरा, उदेश गुप्ता, केदार पाहवा, राजकुमार गंडा सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### दो युवक दो अवैध पिस्तौल, दो कारतूस सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने शहर सिरसा क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जा से दो अवैध पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूसों बरामद किए हैं। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान दिल्ली पुलिया सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की टी प्वाइंट हुडा रोड सेक्टर 19 सिरसा की ओर एक युवक अपने हाथ में पिस्टल लिए हुए खड़ा है। उक्त सूचना को के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 19 में दबिश दी तो एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर युवक को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अवतार सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 बांदर पत्ती रोड़ी जिला सिरसा के रुप में हुई है। वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने रंगड़ी रोड़ गत्ता फैक्ट्री सिरसा के नजदीक से रवि पुत्र भजन निवासी गऊशाला मौहल्ला सिरसा को एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया है।

# जनसमस्याओं के निपटान के लिए गंभीरता से कार्य करें अधिकारीः उपायुक्त शांतनु

- समाधान प्रकोष्ठों के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जनशिकायतों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर व अन्य माध्यम से आ रही शिकायतों के समाधान के लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। विभागाध्यक्ष जनसमस्याओं के समाधान के लिए स्वयं मॉनिटरिंग करें ताकि जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का हल किया जा सके। वे शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सोमवार और वीरवार को आयोजित समाधान शिविर, सीएम विंडो व अन्य माध्यम से आईं शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि आमजन समाधान शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाकर अपनी समस्याएं हल करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष, जो शिकायतें उनके कार्यालय से संबंधित है, उन पर संज्ञान लें और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से स्थायी समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी समाधान शिविर या अन्य माध्यम से आने वाली जन शिकायतों के निवारण के लिए किसी भी प्रकार की देरी न करते हुए तय समय में स्थायी समाधान करें।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। ये समाधान शिविर आमजन की समस्या का हल करने के लिए एक सशक्त माध्यम बन रहे

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक। *फोटो : हरिभूमि*

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांव में नेजियाखेड़ा, चाडीवाल और साहुवाला में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को खेती से जुड़ी नई जानकारी, तकनीक और सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। यह जानकारी देते हुए कृषि विकास अधिकारी डॉ.शैलेंद्र सहारण ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर 29 मई से 12 जून तक सिरसा जिले के 135 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया है। इसी के तहत नेजियाखेड़ा, चाडीवाल और साहुवाला में डॉ. राकेश, डॉ. देवेंद्र जाखड़, डॉ.अशोक आदि ने किसानों को खेती से जुड़ी नई जानकारी, तकनीक और सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। गांव चाडीवाल के सरपंच व अन्य सभी गांव के किसानों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र और केंदीय कपास अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद किया। खेती, बागवानी, पशुपालन और मछली पालन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# एमएसपी में मामूली वृद्धि किसानों के साथ मजाकः कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर केंद्र की भाजपा सरकार किसान हितेषी होने का दावा करती है वहीं एमएसपी के नाम पर बार बार किसानों के जख्मों पर नमक छिडक़ रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में असमान वृद्धि को लेकर सरकार ने फिर किसान हितों की अनदेखी की है। किसानों के साथ मजाक वाली यह सरकार स्वयं की पीठ थपथपा कर वाह वाह कर रही है जबकि देश का किसान और मजदूर आर्थिक तंगी में कराह रहा है। शुक्रवार को जारी बयान में सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है। प्रमुख खाद्यान्न धान (सामान्य और ए ग्रेड) की एमएसपी में मात्र 03 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो ऊंट के मुंह में जीरे जैसी है। जहां सामान्य धान की कीमत 2,300 से सिर्फ 2,369 हुई है और ए ग्रेड धान की कीमत 2,320 से 2,389 हुई है, वहीं दूसरी ओर कुछ फसलों की एमएसपी में 400 से 800 रुपये तक की वृद्धि की गई है, जो अधिकतर वे फसलें है जो हरियाणा और पंजाब जैसे अन्नदाता राज्यों में होती ही नहीं हैं।

### बीती 14 मई को गांव बड़ोपल में 9 लोगों ने हमलाकर किया था घायल

# हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को एसपी से मिले मां-बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद एसपी से मिलने पहुंचे घायल मां-बेटा।

गांव बड़ोपल के समीप ढाणी में रह रहे एक परिवार पर हमला करने के मामले में शुक्रवार को घायल मां-बेटा आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी सिद्धांत जैन से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे। मां-बेटा दोनों के हाथ-पैरों पर प्लास्टर लगा हुआ था। दोनों ने एसपी को अपनी आपबीती सुनाई और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जाहिर की। दोनों ने एसपी से कहा कि आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और उनके परिवार पर दोबारा भी हमला कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तुरंत सदर थाना प्रभारी को कुलदीप सिंह को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। बता दें कि 14 मई की रात को गांव बड़ोपल की ढाणी में रह रहे दो भाइयों के परिवार पर 9 लोगों ने ईंट-पत्थर, डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। इस हमले में दोनों भाइयों के परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने पांच नामजद सहित 9 लोगों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी जयप्रकाश ने बताया कि 14 मई की रात को दोनों भाई अपने-अपने परिवार सहित अपनी-अपनी ढाणी में खाना खाकर हर रोज की तरह सो गए थे। उसके भाई विष्णु की ढाणी में हमारी मां मैना देवी, भाई विष्णु व विष्णु की पत्नी बिमला आंगन में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे के बाद उनके पड़ोसी राधेश्याम, धोलू व हाईफोई तीन-चार अन्य लडक़ों के साथ उसके भाई विष्णु की ढाणी में लोहे की रॉड, कापा, डंडे व ईंट-पत्थर लेकर आए। इन लोगों ने आते ही एकदम चोटें मारना शुरू कर दी।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।



ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।



### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।

## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

### यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है। इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।



### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इम्प्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीए़ कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरियल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिस्प्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

## अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

## असफलताः एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे :** जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें :** आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ कार्य करने पर मिलेगा सम्मान

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा ने मद्यपान एवं नशीले पदार्थों पर रोकथाम के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों, नशामुक्ति केंद्रों और संस्थानों को राज्य स्तरीय पुरस्कार देने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है।

### आईटीआई में रोजगार मेला अब 17 व 18 को

**फतेहाबाद।** आईटीआई भोडिया खेड़ा में 2 जून को आयोजित होने वाला रोजगार मेला अब 17 व 18 जून को आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की 17 जून को लिखित परीक्षा होगी जबकि 18 जून को साक्षात्कार लिया जाएगा। प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, गुरूग्राम के प्रतिनिधि आईटीआई व्यवसाय फिटर, वैल्डर, पेंटर जनरल, विद्युतकार, टर्नर, मैकेनिक डीजल, मशीनीष्ट, मशीनीष्ट ग्राइडर, टूल एंड डाई, मोटर मैकेनिक व्हीकल के छात्र आवेदन कर सकते है।

### दवा लेने अस्पताल में आए व्यक्ति की जेब काटी

**सिरसा।** जिला नागरिक अस्पताल में पत्नी का उपचार करवाने आए व्यक्ति की पर्ची बनवाते वक्त भीड़ का फायदा उठाकर शातिर लोगों ने जेब तराशी कर डाली और जेब से 24 हजार रुपए की नकदी चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव नुहियावांली निवासी राजेंद्र ने बताया कि बीती 28 मई की सुबह वह पर्ची बनवाने के लिए लाइन में लगा हुआ था। उसके कमीज की जेब में 24 हजार रुपए की नकदी थी।

### राहगीरों के लिए लगाई मीठे पानी की छबील

**फतेहाबाद।** भीषण गर्मी से राहत देने और मानवीय सेवा की मिसाल पेश करते हुए अग्रवाल समाज द्वारा शहर के अग्रसेन चौक पर मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई हैं। इस पुण्य कार्य का उद्देश्य गर्मी में प्यासे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना है। छबील का शुभारंभ अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्यों व युवाओं की उपस्थिति में हुआ। छबील पर सेवा देने के लिए समाज के स्वयंसेवक बारी-बारी से तैनात रहे और इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।

### ललौदा से युवक को शराब सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस ने टोहाना के गांव ललौदा से एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव ललौदा में पैदल गश्त पर थी तो एक युवक गली में आता नजर आया।

### नशा मुक्त अभियान को लेकर की नुक्कड़ सभा

**रतिया।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव कंवलगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशामुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई सुंदर मुसाफिर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर मनरेगा से जुड़े मजदूरों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### किसानों के खेतों से हजारों की केबल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग किसानों के खेतों से चोर हजारों रुपए की विद्युत केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में गांव रामनगरिया, ढाणी बिलासपुर निवासी त्रिलोक कुमार ने बताया कि उसने अपनी भूमि ठेके पर दी हुई है। उसने बताया कि बीती 28 मई की शाम को नटार निवासी कर्णजीत, जिसने जमीन ठेके पर ली हुई है, घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर करीब 30 फुट केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला।

## पुलिस ने बीघड़ रोड स्थित दुकान पर छापेमारी करने के बाद पाई सफलता

# मोबाइल एप पर पैसा लगवाकर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मोबाइल ऐप पर पैसे लगवाकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का फतेहाबाद पुलिस ने पर्दाफॉश किया है। पुलिस ने बीघड़ रोड स्थित एक दुकान पर छापेमारी कर दुकानदार को काबू कर लिया। पुलिस ने दुकानदार के अलावा उसके तीन साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

सीआईए फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम एसआई संजय कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान बीघड़ रोड पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि पंकज कुमार पुत्र भीमसैन निवासी चौधरी कालोनी फतेहाबाद विश्वकर्मा मंदिर के पास पंकज मोबाइल एंड स्टेशनरी के नाम से दुकान करता है। पंकज अपने साथियों मोहित चौधरी पुत्र विजय चौधरी, उषा चौधरी पत्नी विजय चौधरी निवासी बीमा कालोनी फतेहाबाद व मन्नू पुत्र श्याम सुंदर निवासी हिसार ने एक गिरोह बनाया हुआ है। यह लोग भोले-भाले लोगों को लालच में फंसाकर विभिन्न मोबाइल एप पर लोगों से रुपये लगवाकर धोखाधड़ी करके रुपये ऐंठने का काम करते हैं। पंकज अपने साथियों के कहने पर लोगों से रुपये इकट्ठे करके उनके पास भिजवाता है। पंकज ने थोड़ी देर पहले ही एक व्यक्ति को लालच देकर धोखाधड़ी से 5 हजार रुपये लिए है। अगर उसे काबू किया जाए तो उसके मोबाइल फोन से काफी जानकारी मिल सकती है। इस सूचना पर पुलिस टीम पैदल ही पंकज की दुकान पर पहुंची। दुकान के बाहर एक युवक हाथ में मोबाइल लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पंकज बताया।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया युवक। फोटो : हरिभूमि

### चार लोगों पर केस दर्ज

पूछताछ में पंकज ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ लोगों को लालच देकर धोखे में रखकर ऑनलाइन ऐप पर ज्यादा रुपये कमाने का लालच देकर उनसे रुपये लेते हैं और बाद में बाद में किसी न किसी बहाने से बता देते हैं कि ऐप के माध्यम से फायदा नहीं हुआ और सारे पैसे हजम कर जाते हैं। पुलिस ने पंकज के पास से 5 हजार रुपये की नकदी बरामद की। पंकज ने बताया कि मोहित चौधरी के कहने पर एक युवक यह रुपये दे गया है। इस पर पुलिस ने पंकज व उसके साथियों मोहित चौधरी, उषा चौधरी व मन्नू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 61(1), 3(5) और हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक गेंबलिंग एक्ट की धारा 3, 4 के तहत केस दर्ज कर लिया है।




सिरसा। पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### साइबर ठगी मामले में तीन आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर कम समय में मोटा मुनाफा का लालच देकर शांति नगर क्षेत्र में एक युवक से 2 लाख 13 रुपए का साइबर ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को राजस्थान क्षेत्र से काबू कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि दीपक निवासी शांति नगर सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते कुछ दिन पहले उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात नबरों से फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति कहने लगा कि यदि आपको शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाना है तो हम आपको लिंक भेज देगें और लिंक पर क्लिक कर मांगी गई कुछ डिटेल भर देना जैसे ही आप हमारी कंपनी के लिंक पर क्लिक करेंगे आप कंपनी के मैंबर बन जाएगें। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि अगले दिन मेरे फोन पर एक अनजान नंबर से लिंक आया जैसे ही उसने लिंक को खोलकर बैंक संबंधी व अन्य प्रकार की डिटेल भरी तो कंपनी ने मुझे ज्वाइन कर लिया। शुरुआत में उसने छोटी-छोटी इंस्टॉलमेंट में पैसे लगाने शुरु किए, बदले में उसे पैसे चार गुना मिलने लगे। लालच में आकर उसने 2 लाख 13 हजार रुपए इंवेसमेंट कर दिए। कुछ समय बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने पैसे वापस निकालने के लिए कंपनी के लिंक पर क्लिक किया तो लिंक पूरी तरह से बंद हो चुका था।

## फतेहाबाद पुलिस ने लाखों के 6 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने साइबर सुरक्षा शाखा के माध्यम से 6 कीमती गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को लौटाया। यह सराहनीय कार्य पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश की पुलिस टीम ने गुम हुए मोबाइलों से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित और तकनीकी रूप से दक्ष कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये मूल्य के 6 स्मार्टफोन सफलतापूर्वक बरामद किए। इसके पश्चात, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मोबाइल मालिकों को स्वयं एसपी सिद्धांत जैन द्वारा उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर खुशी व्यक्त करते हुए मोबाइल मालिकों ने फतेहाबाद पुलिस का आभार जताया। आज जिन नागरिकों को मोबाइल सौंपे गए हैं, उनमें गगनदीप कौर निवासी नागपुर, मनजीत सिंह निवासी गुरु नानकपुरा फतेहाबाद, अनूप निवासी भोडिया खेड़ा, कुलदीप गाबा निवासी अशोक नगर फतेहाबाद, मनफूल निवासी हरिपुरा हिजरावां खुर्द व अनिल कुमार निवासी भरपूर शामिल हैं। इन सभी ने कहा कि गुम मोबाइल की वापसी की उन्होंने उम्मीद नहीं की थी, लेकिन पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई न केवल तकनीकी दक्षता का परिचायक है, बल्कि इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और पारदर्शिता भी बढ़ती है। फतेहाबाद पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सतर्क और समर्पित है।

## जिलेभर में स्कूल बसों की जांच को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**फतेहाबाद।** यातायात पुलिस ने जिलेभर में स्कूल बसों, वैनों और अन्य यात्री वाहनों की विशेष जांच तथा बाजारों व सार्वजनिक स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक सघन अभियान चलाया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, बीमा, ड्राइवर का लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग, स्पीड गवर्नर, ओवरलोडिंग और वाहन में सीट बेल्ट जैसे मानकों की जांच की गई। जिन स्कूल वाहनों में नियमों का उल्लंघन पाया गया, उनके खिलाफ नियमानुसार चालान व कार्रवाई की गई। इसके अलावा शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई भी की गई। दुकानों के आगे सड़क तक बढ़ाए गए सामान, ठेले, अवैध पार्किंग और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को हटाया गया और संबंधित व्यक्तियों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि यह अभियान लोगों की सुरक्षा, स्कूली बच्चों की यातायात सुविधा और आमजन के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु चलाया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता न करें।

# नीट में 16वां रैंक हासिल करने पर ध्रुव बंसल को अग्रवाल सभा ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय बंसल व डॉ. मीनाक्षी बंसल के पुत्र डॉ. ध्रुव बंसल द्वारा नीट एसएस में अखिल भारतीय स्तर पर 16वां रैंक हासिल करने और जीबी पंत मेडिकल कॉलेज दिल्ली में डीएम गैस्ट्रो एंटरोलॉजी विभाग में शामिल होने पर अग्रवाल सभा द्वारा सम्मानित किया गया। अग्रवाल सभा फतेहाबाद के संरक्षक देवी दयाल तायल, प्रधान सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. संजय बंसल, डॉ. मीनाक्षी बंसल और डॉ. ध्रुव बंसल को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के उप प्रधान सुरेश बंसल, सचिव सुरेन्द्र मित्तल, कोषाध्यक्ष दलीप गोयल, सह सचिव नितिन मोदी, उप सचिव मुरारी लाल गोयल, सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के सेवक विनोद तायल, श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल बुढलाडिया, नरेश जैन,आईवीएफ के जिला अध्यक्ष वेद मंगल, पूर्व सचिव राकेश बंसल, पूर्व कोषाध्यक्ष संजय गोयल, सुशील बंसल आदि रहे।



फतेहाबाद। डॉ. ध्रुव बंसल को सम्मानित करते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

### डांस में विजय, मॉडलिंग में वाणी ने मारी बाजी

**सिरसा।** इंडियन टैलेंट हंट फांउडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सिरसा में डांस एवं मॉडलिंग प्रतियोगिता करवाई गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष बजाज व उपाध्यक्ष रमेश साहुवाला ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुंबई से फिल्मी कलाकार अशोक कालड़ा विशेष तौर पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि निर्णायक मंडल की भूमिका सोनिया, दिव्या हांडा, गुरप्रीत कौर, पूनम, जैसमीन एवं परम गिल ने निभाई। डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विजय, द्वितीय स्थान आरजू, तृतीय स्थान दिव्या वर्मा, मॉडलिंग में प्रथम स्थान वाणी मालवा, द्वितीया स्थान वर्तिका, तीसरा स्थान तोशिका चौधरी को मिला। मिस इंडिया में प्रथम विजेता ममता, द्वितीय ओशीन व तृतीय स्थान मनजोत रहीं।

# मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

- जिले की टॉपर महक को 11 हजार व 30 विद्यार्थियों को 11 सौ रुपये प्रति विद्यार्थी का नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 31 विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। स्कूल की आर्ट्स संकाय की छात्रा महक सुपुत्री महेश कुमार ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिले में टॉप कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के छात्र प्रिंस ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में जिले में अपना स्थान सुनिश्चित किया। कॉमर्स संकाय से अनमोल नरूला ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले पुण्य महता, भूमिका सैनी व विवान गोयल को भी सम्मानित किया गया। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही ने जिले में टॉप करने वाली स्कूल की छात्रा महक को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त स्कूल के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 30 विद्यार्थियों को स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय सुशील कुमारी व कैलाश चंद्र रूखाया की याद में 1100 रुपये प्रत्येक विद्यार्थी को सम्मान स्वरूप दिए।



फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

# सरकार के तुगलकी फरमान से शिक्षकों में पनप रहा आक्रोश

- गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों को बुलाया स्कूल, प्राथमिक शिक्षकों का लगेगा सेमिनार, संघ ने किया विरोध

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के शिक्षकों द्वारा सरकार के तुगलकी फरमानों के विरोध में 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन को लेकर संघ द्वारा जिलेभर में जनसम्पर्क अभियान जोरों पर चलाया जा रहा है। इस प्रदर्शन में जिलेभर से सैंकड़ों अध्यापक भाग लेंगे। प्रदर्शन को लेकर अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा, जिला सह सचिव देवीलाल, कैशियर जगजीत, वरिष्ठ उपप्रधान डॉप्त नीतू डुडेजा, राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, राज्य सचिव संगठन सचिव राजकुमार व प्रैस प्रवक्ता निशा ने तैयारियों का जायजा लिया। अध्यापक नेताओं ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा व शिक्षकों के हितों पर लगातार हमला कर रही है। शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की आड़ में भारतीय भाषा शिक्षण के नाम पर गर्मी की छुट्टियों में 2 से 8 जून तक विद्यार्थियों और भाषा अध्यापकों को स्कूलों में आने का फरमान सुना दिया गया है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर नमन

- वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती हमें उनके बलिदान और देशभक्ति की याद दिलाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती हमें उनके बलिदान और देशभक्ति की याद दिलाती है। आज के युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। यह बात क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा महाराणा प्रताप जयंती पर लजीज होटल में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए गांव रत्ताटिब्बा के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश चंदेल ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने की। इस अवसर पर महासभा के सदस्यों द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिनेश चंदेल ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के इतिहास में एक महान योद्धा और राजपूत शासक थे। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के आक्रमण का बहादुरी से मुकाबला किया था।



फतेहाबाद। महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते क्षत्रिय राजपूत महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान : शहीदावाली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कम लिंगानुपात वाले गांव शहीदावाली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को विभाग द्वारा चलाई जा रही मोबाइल वैन सेवा के माध्यम से क्रियान्वित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को महिला सशक्तिकरण और बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम न केवल समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि योजनाओं के प्रति लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर ममता, वर्कर सुमन व सरस्वती ने उपस्थित आमजन मानस को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा

### जिला पुस्तकालय को शहर के बीच में भवन दिलाने के लिए सार्वजनिक बैठक 1 जून को

**फतेहाबाद।** जिला पुस्तकालय को शहर से दूर नए बस स्टैंड में शिफ्ट करने का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। शहर की सामाजिक संस्थाएं, लाइब्रेरी के सदस्य, बुजुर्ग, पाठकगण और युवा अब एक बैनर तले जिला पुस्तकालय को बचाने के लिए एकजुट हो रहे है। जिला पुस्तकालय को शहर में लाने के लिए आगामी क्या कारवाई हो, इस पर विचार करने के लिए पुरानी कचहरी रोड पर स्थित पटवार भवन में 1 जून को सार्वजनिक बैठक बुलाई गई है। इस मीटिंग में आगामी रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसी के तहत आज पुराने रेस्ट हाउस में लाइब्रेरी बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एक बैठक हुई। आज की बैठक के अध्यक्षता जिला पुस्तकालय के सबसे पुराने सदस्यों में से एक संतोख वधवा ने की।

### नियमित दिनचर्या में शामिल करें योग: यतींद्र सिंह

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग अभ्यास शिविर लगाया गया जिसमें मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट थे। यतींद्र सिंह ने कहा कि योग साधना हमारी पुरातन परंपरा है। योग ही जीवन है और वियोग ही मृत्यु है। इसलिए निरोग रहने के लिए हमें नियमित योग करना चाहिए। प्रधानाचार्य मदन मलिक ने आए हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति स्वस्थ्य जीवन जी सकता है। उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने कहा कि इस बार संपूर्ण भारतवर्ष में 10 लाख से अधिक जन योग अभ्यास करेंगे तथा एक विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इस अवसर पर अनिल, केवल कंबोज, प्रमोद कुमार, पंकज कौशिक, नवजीत, नरेंद्र, मंजू डीपी, अंकुर, देवेंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज के समर्थन में 110 संस्थाओं ने सौंपा ज्ञापन : प्रवीण जोड़ा

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा 9 जून से 'संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान कार्यकर्ता जन-जन तक भाजपा सरकार के 11 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियां व विशेषताएं बताएंगे। भाजपा नेता आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में बीजेपी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा नो कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर है।

## आयोजन: राजकीय संस्कृति विद्यालय में विद्यार्थियों को करवाया योगासनों का अभ्यास

इंसान को तनाव, चिंता, डिप्रेशन व रोगों से मुक्ति दिलाता है योग

# योग केवल व्यायाम नहीं, यह जीवन का पूर्ण दर्शन : मदनगोपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

योग केवल व्यायाम का एक तरीका नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक पूर्ण दर्शन है। यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और हमें तनाव, चिंता, डिप्रेशन व रोगों से मुक्ति दिलाता है। यह बात शिक्षाविद् बजरंग गोदारा ने आज राजकीय संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद के प्रांगण में शिक्षा विभाग फतेहाबाद द्वारा आयोजित योग दिवस प्राटोकाल अभ्यास में विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि योग आत्म-जागरूकता और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देता है और हमें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है, इसलिए हमें योगिग क्रियाओं का अभ्यास नियमित करना चाहिए तथा अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योगाचार्य मदन गोपाल आर्य ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है जिसको सम्मान देना हमारा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने अतिथियों का आभार जताया। पतंजलि योगपीठ परिवार फतेहाबाद के मुख्य योग प्रशिक्षक चन्द्र प्रकाश आर्य, योग आयुष सहायक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पूजा रानी, शारदा रानी व सोनू रानी ने सभी को योग दिवस प्राटोकाल का बहुत बढिया तरीके से अभ्यास करवाया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने ग्रिवाचालन, स्कन्दचालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, पवनमुक्तासन आदि आसन करवाएं।



फतेहाबाद। राजकीय संस्कृति विद्यालय में आयोजित योग शिविर में भाग लेती छात्राएं।

**खबर संक्षेप**

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**सिरसा।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों पर राष्ट्रपति द्वारा हर साल प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम (31 जुलाई 2025 तक) हो, को ही प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत विभिन्न श्रेणियों में 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा आवेदनों की छंटनी के बाद नेशनल कमेटी द्वारा नाम फाइनल किए जाएंगे। पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं।

### युवा समाज निर्माण में भागीदारी निभाएं : वीरेंद

**सिरसा।** भारतीय नारी शक्ति एसोसिएशन के बैनर तले 'नायाब सपना स्वस्थ-समृद्ध हरियाणा अपना' अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इस मौके पर वीरेंद्र बढ़खालसा ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्य के भारत का निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। क्रार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बहन बिंदु, अध्यक्ष निताशा सिहाग व खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में भारत को युवा देश बताते हुए स्वस्थ, समृद्ध हरियाणा के नायाब सपने में योगदान के विषय पर विचार रखे।

### 10 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पटेल चौक रानियां रोड सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 2 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवन सिंह निवासी झोरडन्नाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### अरूट जयंती पर पार्क में लगाए 101 पौधे

**रतिया।** महाराज अरुट जयंती पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा बुढलाडा रोड स्थित शहीद देविंदर सिंह पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाराज अरुट के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पार्क में पौधारोपण किया गया जिसमें 101 पौधे लगाए गए। प्रधान कृष्ण तनेजा ने बताया कि सभी सदस्यों को नाम देकर पौधे सौंपे गए। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष राहुल चुघ व महिला अध्यक्ष रजनी बाघला ने अरुट महाराज की जीवनी का उल्लेख करते हुए सभी को समाज कार्य करने के लिए बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हरबंस खन्ना, सतीश चोपड़ा, टेकचंद, प्रमोद रिंका, प्रवीन चोपड़ा, रमेश मेहता, संजय चुघ, पुजारा लाल चुघ, राजू कालड़ा, सुनील कुमार टिंकू, रजत छाबड़ा व अन्य मौजूद रहे।

---

**नायब तहसीलदार बोले- पंचायत चुनाव ड्यूटी में व्यस्त थे। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को होगी रजिस्ट्री**

# भूना में रजिस्ट्री न होने से नाराज लोग सड़कों पर उतरे, सिरसा-चंडीगढ़ रोड जाम कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना




सिरसा। चंडीगढ़ रोड पर उप तहसील कार्यालय के सामने रोड जाम करके प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते लोग व सिरसा चंडीगढ़ रोड जाम करने वाले लोगों को समझाते थानाध्यक्ष सुरेंद्र। फोटो :हरिभूमि

■ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देकर शांत किया

उप तहसील भूना में कई दिनों से रजिस्ट्री कार्य ठप होने से नाराज लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों ने सिरसा-चंडीगढ़ रोड पर जाम लगा दिया। डीसी फतेहाबाद और नायब तहसीलदार भूना के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन ने प्रशासन को हिला दिया।प्रदर्शनकारियों में राधेश्याम चंद्रावल, राजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, हवा सिंह, वजीर सिंह, बलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, रहीश कुमार, पूर्ण चंद, अशोक कुमार, विजय कुमार, ओम प्रकाश समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। उन्होंने बताया कि भूना में स्थायी नायब तहसीलदार नहीं है। भट्टू कलां के नायब तहसीलदार सोमेश विशिष्ठ को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वे रजिस्ट्री दिवस पर समय से नहीं पहुंचते। इससे लोगों को भारी परेशानी होती है।लोगों ने आरोप लगाया कि डीसी फतेहाबाद ने हर रजिस्ट्री के समय नायब तहसीलदार की फोटो खिंचवाना अनिवार्य कर दिया है। इससे समय की बर्बादी होती है और रजिस्ट्री की संख्या घट जाती है। हरियाणा में ऐसा कहीं और नहीं हो रहा। कई लोग महीनों से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। फिर भी रजिस्ट्री और अन्य काम नहीं हो पा रहे।शुक्रवार को भी रजिस्ट्री दिवस पर नायब तहसीलदार शाम 5 बजे तक नहीं पहुंचे। सुबह से भूखे-प्यासे इंतजार कर रहे लोगों का गुस्सा भड़क गया। जैसे ही पता चला कि तहसीलदार पंचायत चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी की ड्यूटी पर हैं, 200 से ज्यादा लोग सड़क पर उतर आए। सिरसा-चंडीगढ़ रोड को पूरी तरह जाम कर दिया।यातायात स्थिति बिगड़ती देख थाना प्रभारी सुरेंद्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की। नायब तहसीलदार सोमेश विशिष्ठ को फोन कर बुलाया गया। वे साढ़े पांच बजे पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी।थानाध्यक्ष सुरेंद्र ने सूझबूझ से काम लिया। लोगों को पीछे हटने के लिए राजी किया। नायब तहसीलदार सोमेश विशिष्ठ ने बताया कि वे सुबह से पंचायत चुनाव ड्यूटी में व्यस्त थे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को वे नियमित रूप से भूना उप तहसील में मौजूद रहेंगे।

---

## डीटीपी ने अवैध तारकोल फैक्ट्री व पंजाबी ढाबे को ढहाया

### अधिकारी बोले- दो बार नोटिस दिए गए थे, जवाब न देने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन।

**अवैध निर्माण को सहन नहीं करेंगे**

डीटीपी अंजू रानी ने कहा कि भविष्य में भी अवैध निर्माण गिराने को लेकर कार्रवाई जारी रहेगी। बिना अनुमति लेकर निर्माण करना गैरकानूनी है।

नेशनल हाइवे 9 पर स्थित भूना फ्लाइओवर के नजदीक अवैध रूप से बनी तारकोल की फैक्ट्री व एक ढाबे को नगर योजनाकार विभाग की टीम ने शुक्रवार को जेसीबी की मदद से गिरा दिया। यह दोनों निर्माण जिला नगर योजनाकार से बिना सीएलयू लिए करवाए जा रहे थे। विभाग ने इन्हें दो बार नोटिस भी दिए लेकिन जब नोटिस के कोई जवाब नहीं मिले तो विभाग ने आज दोनों निर्माण गिरा दिए। इस कार्रवाई में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संजीव सचदेवा बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट मौजूद रहे। डीटीपी अंजू रानी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार अंजू रानी ने बताया कि राम सिंह पुत्र अमर सिंह ने नेशनल हाइवे बाईपास पर फ्लाइओवर के समीप तारकोल की फैक्ट्री बना रखी थी। इसी अनुमति विभाग से नहीं ली गई थी। न ही इसकी सीएलयू ली गई थी। विभाग ने राम सिंह को 15 दिन का नोटिस देकर निर्माण गिराने को कहा। जब निर्माण नहीं गिराया गया तो उसे दोबारा नोटिस जारी किया गया। इस पर भी फैक्ट्री मालिक ने जब कोई परवाह नहीं की तो जिला नगर योजनाकार की टीम शुक्रवार को जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और निर्माण को गिरा दिया। ऐसे ही भूपेन्द्र सिंह ने पंजाबी ढाबा चला रखा था, जिसकी विभाग से स्वीकृति नहीं ली गई थी। उसे भी विभाग द्वारा दो बार नोटिस दिए गए। शुक्रवार को ड्यूटी मेजिस्ट्रेट संजीव सचदेवा की मौजूदगी में डीटीपी अंजू रानी, जेई संदीप, एफआई पुष्पा, अंकित कुमार व एफके संदीप कुमार की टीम ने दोनों निर्माणों को गिरा दिया।




### आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस हार्बिंजर लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से प्राचार्य ने शामिल होकर शिक्षा में सुधार को लेकर नई बातों को ग्रहण किया, वहीं शिक्षण को ओर बेहतर बनाने को लेकर अपने सुझाव सांझा किए। शैक्षणिक, परीक्षा, भाषा संवर्धन से लेकर सह-पाठ्यचर्या, नैतिक मूल्यों को विकसित करने और प्रत्येक छात्र में एक मजबूत व्यक्तिगत चरित्र का पोषण करने जैसे संवादों का आदान-प्रदान इस कार्यक्रम का हिस्सा रहा। कांफ्रेस में मुख्यवक्ता आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि समय के साथ-साथ शिक्षण कार्य में भी बदलाव आवश्यक है ताकि देश की भावी पीढ़ी समय के साथ आगे बढ़े और अपना लक्ष्य हासिल कर देश के नवनिर्माण में भी अपना अहम योगदान दे सकें। सीईओ इंजी. मनीष राव कहा कि समय के साथ-साथ हमें भी अपडेट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जीवनभर सीखता है। इसी प्रकार से शिक्षण कार्य को समय के अनुसार ओर बेहतर बनाने के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से हो। समय-समय पर साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाए।

---

## प्रदेश में विकास की बयार : कांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया/फतेहाबाद।



रतिया। गोविंद कांडा का स्वागत करते समर्थक।

■ भाजपा नेता गोविंद कांडा ने मुख्यमंत्री को सराहा

रतिया, सिरसा, फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में बेशक भाजपा सरकार का विधायक नहीं है, लेकिन इन तीनों जगहों पर भी पूरे हरियाणा की तरह भरपूर विकास कार्य हो रहे हैं तथा प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी गोविंद कांडा ने आज रतिया और फतेहाबाद में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आज रतिया और फतेहाबाद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। पत्रकारों से बात करते हुए गोविंद कांडा ने कहा कि हरियाणा में पहले खट्टर सरकार व अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार में जो विकास कार्य हुए हैं, उसके चलते हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश ने पूरे देश में विकास के चलते अपनी एक अलग पहचान बनाई है। गोविंद कांडा ने कहा कि रतिया व फतेहाबाद से हमारा विशेष लगाव है, इसलिए सिरसा के साथ-साथ फतेहाबाद, रतिया के विकास पर भी उनका फोकस है।

### श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की कार्यकारिणी गठित

**फतेहाबाद।** श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन कर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में इसकी घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी के अनुसार दीपक सरदाना को फिर से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति का प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त नरेन्द्र मोंगा को सचिव, बलदेव भाटिया को वरिष्ठ उपप्रधान, महेन्द्र बंसल को वरिष्ठ उपप्रधान, सुशील अहूजा को कोषाध्यक्ष, प्रवीन झंडई को उपप्रधान, प्रवीन ढींगडा को सहसचिव, विनीत गांधी को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त कुशल चराईपोत्रा को उपप्रधान, राजेन्द्र चौधरी काका, आजाद सचदेवा व मदन मोहन ग्रोवर, सुंदन दास चावला, विजय निर्मोही, वीरेन्द्र नारंग, अशोक मक्कड़, आरके मेहता, त्रिलोक गिल्होत्रा को संरक्षक नियुक्त किया।

## व्यापारी से 1.21 करोड़ की ठगी

■ युवक व उसके मां-बाप पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** टोहाना के इलैक्ट्रोनिक व्यापारी से सूरत की दो फर्मों द्वारा 1 करोड़ 21 लाख का गबन करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बिजनैसमेन का आरोप है कि सूरत के एक युवक और उसके माता-पिता ने उससे करोड़ों का सामान मंगवाया और पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने युवक व उसके मां-बाप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मार्बल सिटी, टोहाना निवासी आशु गोयल ने कहा है कि उसकी टोहाना की लक्कड़ मार्किट में गोयल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है और वह इलैक्ट्रोनिक्स सामान बेचने का बिजनेस करता है। गुजरात के सूरत के कटार निवासी वैभव कटरोदिया मैसर्ज दरिया इंटरनेशनल का मालिक है जबकि उसका पिता प्रवीन व माता माही इंटरनेशनल के नाम से फर्म चलाते हैं। उक्त लोग अपनी फर्म के लिए उससे सामान लेते रहते हैं और दोनों फर्मों के उनके पास खाते भी खुले हुए हैं। 1 अप्रैल 2023 को दरिया इंटरनेशनल की तरफ उसके 35 लाख 76 हजार 757 रुपये का बैलेंस था। इसके बाद वैभव ने 7 अप्रैल 2024 को 11 लाख 46 हजार रुपये का सामान खरीदा। उसने 2 मई 2024 से 7 अगस्त 2024 तक 17 लाख 85 हजार रुपये जमा करवाए जिसके बाद 29 लाख 37 हजार 823 रुपये शेष रह गए। इसी तरह दूसरी फर्म माही इंटरनेशनल की तरफ 1 अप्रैल 2023 को ओपनिंग बैलेंस 67 हजार 95 हजार 477 रुपये था। इसके बाद प्रवीन व कंचन ने उनसे कई बार लाखों का सामान मंगवाया। 1 अगस्त 2023 से 30 सितम्बर 2024 तक कुल 55 लाख 84 हजार 100 रुपये जमा करवाए। इसके बाद उनकी फर्म की तरफ 92 लाख 5 हजार की राशि बैलेंस थी। आशु गोयल ने कहा कि इस तरह उसने दोनों फर्मों से 1 करोड़ 21 लाख 42 हजार 916 रुपये लेने हैं।

---

## हरियाणा प्री-स्टेट शूटिंग कंपीटिशन-2025 में छाए सिरसा के शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



नई दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित डा. केएसएसआर स्टेडियम में 17 से 26 मई तक हुई चौथी हरियाणा प्री-स्टेट शूटिंग कंपीटिशन-2025 में सिरसा के लक्ष्य शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने अपने सटीक निशाने से शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर जिले का नाम रोशन किया। सभी होनहारों ने अपनी सफलता का श्रेय कोच व एकेडमी के संचालक के साथ-साथ अपने अभिभावकों को भी दिया, जिन्होंने लगातार उन्हें आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। एकेडमी के संचालक अमित फुटेला ने बताया कि योगेश, चारू व मनीष ने पिस्टल में जबकि सविता, किंजल, चिन्मय, चंचल, व मिष्ठी ने राइफल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्टेट के लिए क्वालीफाई किया। फुटेला ने बताया कि इससे पूर्व भी एकेडमी के अनेक होनहार अलग-अलग प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर एकेडमी का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्टेट चैंपियनशिप में भी एकेडमी के होनहार अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे।



सिरसा। मिठड़ी स्कूल में मीठे पानी की छबील लगाते अध्यापक।

### पर्यावरण प्रेमी सेठ रामजी दास की बरसी पर स्कूल में लगाई छबील

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिठडी में रामजी दास की बरसी पर मीठे पानी की छबील लगाई और पौधारोपण किया गया। बता दें कि पर्यावरण प्रेमी एवं धार्मिक प्रवृत्ति के ओढ़ा निवासी सेठ रामजी दास गर्ग 30 मई 2016 को स्वर्ग सिधार गए थे। उनकी याद में उनके परिजन हर वर्ष बरसी मनाते हैं। इसी प्रकार उनके पुत्र पवन गर्ग, अशोक कुमार, सतपाल व सतीश गर्ग द्वारा बाबा संतोष दास गौशाला ओढ़ा में गायों को सवामणि तथा हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर मिठड़ी स्कूल के प्राचार्य बंसी ने कहा कि अपने परिजनों के जन्मदिन, बरसी व वैवाहिक वर्षगांठ आदि कार्यक्रमों पर सरकारी स्कूल के बच्चों को दान पुण्य अवश्य करना चाहिए।

---

**जिला पुलिस कप्तान ने साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक**

## बिंगोमोड : नया साइबर हथियार, चुराता है बैंक डिटेल, फिर कर देता है मोबाइल को नष्ट : एसपी

**पुलिस कर्मचारी युवाओं और आम लोगों को कर रहे लगातार जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**एसपी ने नागरिकों से की अपील**



पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपनी बैंक डिटेल, पासवर्ड, ओटीपी जैसी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें। व्हाट्सएप, ईमेल या अन्य सोशल प्लेटफॉर्म पर प्राप्त संदिग्ध लिंक से सावधान रहें। कोई भी साइबर ठगी की घटना होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क करें या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। **एसपी सिद्धांत जैन।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए एक विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि तकनीकी युग में साइबर अपराधी लगातार नए-नए हथकंडों से ठगी को अंजाम दे रहे हैं। हाल ही में 'बिंगोमोड' नामक एक अत्यंत खतरनाक एंड्रॉइड वायरस का पता चला है, जो उपयोगकर्ताओं के बैंक खातों को निशाना बनाकर उनकी जमा राशि चुरा लेता है और उसके बाद डिवाइस को स्वयं ही नष्ट यानि फैक्ट्री रिसेट कर देता है। एसपी ने बताया कि साइबर ठग एक संदिग्ध लिंक एसएमएस, ईमेल या सोशल मीडिया के माध्यम से भेजते हैं। जैसे ही उपयोगकर्ता उस लिंक पर क्लिक करता है, यह वायरस उसके मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर में प्रवेश कर जाता है। इसके बाद यह बैंक खातों की गोपनीय जानकारी चुरा लेता है और खाते से राशि निकालकर खुद को डिवाइस से स्वतः हटा देता है, साथ ही डिवाइस को फैक्ट्री रिसेट मोड में डाल देता है। इसी कारण इसे 'आत्मघाती मैलवेयर' भी कहा जाता है। यह मैलवेयर इस प्रकार से प्रोग्राम किया गया है कि यह संक्रमित डिवाइस से अन्य मोबाइलों में एसएमएस के माध्यम से फैल सकता है। इसमें सेल्फ-डिस्ट्रक्टिव कोड मौजूद होता है, जो डिजिटल सबूत भी मिटा देता है, जिससे उपयोगकर्ता को अंदाजा तक नहीं होता कि उसके साथ क्या हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, बिंगोमोड एक उन्नत एंड्रॉइड रिमोट एक्सेस ट्रोजन है। यह संक्रमित डिवाइस से बिना जानकारी के बैंक खातों तक पहुंच बना लेता है और ट्रांजेक्शन कर सकता है। यह एंड्रॉइड के 'मीडिया प्रोजेक्शन एपीआई' का उपयोग करके स्क्रीनशॉट ले सकता है।

### सरकार कर रही सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग: पृथ्वी

**सिरसा।** रोडवेज सिरसा डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए इसे सरकार की तानाशाही नीति करार दिया है। शुक्रवार को जारी एक प्रेस बयान में चाहर ने कहा कि सरकार द्वारा जब भी कोई सरकारी कार्यक्रम होता है या कोई रैली होती है तो सरकारी बसों को जबरन वहां ले जाया जाता है, जिसके कारण रूटीन के रूट प्रभावित होते हैं और आम जनता को खासी परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। चाहर ने कहा कि प्रदेश में निजी बसें काफी संख्या में है, अगर सरकार को रैली में बसें लेकर जानी है तो वो निजी बसों को बुक कर लेकर जाए, ताकि आम पब्लिक को परेशानी न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि एक तो बसों की कमी पहले से ही है और उपर से सरकार बसों को इस प्रकार के कार्यक्रमों व रैलियों में ले जाकर सरकार कोढ में खाज का काम कर रही है। चाहर ने कहा कि सरकार सुविधाएं देने की बजाय जनता को त्राहि-त्राहि करने पर मजबूर कर रही है।